विधान सभा प्रश्न

विभाग का नाम	:	लोक निर्माण
प्रश्न संख्या तारांकित	:	411
उत्तर की तिथि	:	02 / 04 / 2018
विषय	:	सड़कों की अद्यतन स्थिति
प्रश्नकर्ता का नाम	:	श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)
सम्बन्धित मन्त्री	:	मुख्य मन्त्री

	प्रश्न	उत्तर
(क)	चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन्नु–मवा चाहवाग तथा गुरेट सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है; और	सूचना सभा पटल पर रख दी गई है।
(ख)	इस पर बनने वाले पुलों के निर्माण हेतु कब तक धन राशि स्वीकृत की जाएगी ?	

श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी) द्वारा पूछें गए तारांकित प्रश्न संख्या–411, से सम्बन्धित सूचना:

(क) व (ख)

चिन्तपुरनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन्नु–मवा चाहवाग तथा गुरेट सड़क का दो भागों में निर्माण किया गया है। प्रथम भाग किन्नु से मवा चाहवाग कि0मी0 0/0 से 6/660 का निर्माण नावार्ड के अन्तर्गत एवं द्वितीय भाग चाहवाग से गुरेट कि0मी0 0/0 से 1/775 का निर्माण SCSP के अन्तर्गत किया गया है। किन्नु मवा चाहवाह तथा गुरेट सड़क की कुल लम्बाई 8.435 कि0मी0 है तथा इसमें 1.00 कि0मी0 सड़क पक्की है।

इस सड़क को पक्का करने एवं गोर खड्ड पर पुल निर्माण हेतु 347.50 लाख रूपये की डी0पी0आर0 दिनांक 19–9–2016 को नावार्ड की स्वीकृत हेतु भेजी गई है जिसकी स्वीकृति अभी अपेक्षित है ।